# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 25.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 25.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 25.01.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर निर्वाचनों में अपने मताधिकार के प्रयोग की शपथ दिलाई गयी।

इस अवसर पर प्रभारी सोशल मीडिया सेल श्री निशिकान्त राय,प्रभारी रिट सेल श्री वीर सिंह,प्रभारी जनसुचना सेल श्री जयप्रकाश उपाध्याय,प्रभारी आईजीआरएस/चुनाव सेल श्री प्रदीप कुमार एवं कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में तथा जनपद के समस्त थाना/चौकियों नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्चमारीगण को सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/चौकी प्रभारी द्वारा मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी गनीवा उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सुशील सिंह पटेल पुत्र स्व0 हरीश सिंह निवासी ग्राम टौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 22 क्वार्टर देशी शराब ठेका मय मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना राजापुर में 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बरामद मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज की गयी।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>**

1.उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह चौकी प्रभारी गनीवा
2.मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार
3.आरक्षी रामकेश कुशवाहा
4, आरक्षी प्रमोद कुमार

**(5).** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध पीड़ितों को रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी, निरीक्षक श्री निशीकान्त राय तथा उनकी टीम द्वारा लगातार सार्थक प्रयास करते हुये कुल 15 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के कुल 03 लाख 84 हजार 181 रुपये अथक परिश्रम कर उनके खातों में वापस कराये गये हैं।

उल्लेखनीय है साइबर अपराध मे पीडित 15 व्यक्तियों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी के नाम पर कुल 03 लाख 84 हजार 181 रुपये की ठगी की गयी थी जिनके द्वारा साइबर सेल चित्रकूट में शिकायत की गयी साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक श्री निशीकान्त राय, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा अथक प्रयास करके कुल 15 पीडितों के कुल 03 लाख 84 हजार 181 रुपये बरामद कराया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी जिनके

पास एन्ड्राइड मोबाइल उपलब्ध है आँन-लाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। अतः आँन-लाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि कैसे-कैसे हम साइबर ठगी का शिकार हो सकते है और क्या सावधानी अपनायें की साइबर ठगी से बचा जा सके। जनपदीय साइबर सेल द्वारा लगातार लोगों को साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरुक किया जाता हैं एवं साइबर अपराध की शिकायत प्राप्त होने पर पीड़ितों की शिकायत दर्ज कर अथक प्रयास करते हुये सम्बन्धित बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीड़ितों की धनराशि वापस करायी जाती है।

नोट- किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नं0 1930 पर तुरंत क़ॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर कम्पलेंट रजिस्टर करें या अपनें थाना के साइबर हेल्प डेस्क / जनपदीय साइबर सेल को तत्काल सूचना दें।

**(6).** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, द्वारा चित्रकूट इंटर कॉलेज में चित्रकूट इंटर कॉलेज, जेपी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए नक्शे का अवलोकन किया एवं शपथ भी दिलाया गयी । जिलाधिकारी ने कहा कि वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे, पहले राजा का बेटा राजा ही होता था लेकिन आज ऐसा नहीं है, कहा कि आजाद भारत के बाद जो संविधान द्वारा अधिकार दिया गया की एक वोट की कीमत कितनी होती है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि 18 साल की उम्र हो गई है,तो यह आप लोगों के लिए सुनहरा अवसर है कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ विकसित देश हैं जिनको आजादी तो पहले मिली लेकिन मताधिकार का प्रयोग बाद में मिला। कहाँ कि यह गर्व की बात है कि आजादी के बाद छात्र-छात्राओं को 18 साल पूर्ण होने के बाद अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। आप लोग अपने मताधिकार से सांसद विधायक प्रधान भी चुन सकते हैं यह मतदाता ही डिसाइड करती है कि कौन अच्छा है। उन्होंने कहा कि वोटिंग के दिन छुट्टी का दिन न मनाए। आप लोग मताधिकार का प्रयोग करने जरूर जाएं। कहा कि जनपद में लगभग 60% वोटिंग होती है जो चिंतन योग्य है कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का मानना है कि कम से कम 70% तक मतदान पहुंचे। उन्होंने कहा कि युवाओं को जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम किया गया है आप लोग अपना कार्ड अवश्य बनवाएं जिससे कि आप लोग अच्छा नेता चुन सके। उन्होंने कहा कि कहां की जिन्हें आप लोग चुनते हैं वे आप लोगों के लिए योजना बनाते हैं इसलिए एक अच्छा नेता होना चाहिए कहा कि कई अन्य चुनाव होने वाले हैं इसमें आप लोग सहभागिता करे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके हैं व गणतंत्र दिवस के अमृत महोत्सव मना रहे हैं इस समय हम लोग मतदाता जागरूकता कर रहे हैं यह अच्छी बात नहीं है कहां की जो पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा वह ठीक नहीं है। कितने संघर्षों लड़ाई के बाद हमें सरकार चुनने का अवसर मिला है। 50% लोग मतदान के दिन सो जाते हैं कुछ लोग उसी दिन शोरगुल करते हैं कि मेरा नाम सूची में नहीं है। सभी का वोट का मूल्य एक ही होता है चाहे 18 वर्ष से ऊपर का छात्र छात्राओं का हो या राष्ट्रपति का वोट हो मूल्य बराबर होता है। दादा परदादा के लड़ने के बाद यह देश बना अपनी पूर्वजों के साथ भी हम लोग धोखा दे रहे हैं। कहा कि 1 जनवरी 2025 को जिसकी आयु पूर्ण हो गई है वह मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं एवं चुनाव के दिन जाएं और अपनी मन पसंद के उम्मीदवार को चुने।हम लोग मोबाइल पर चुनाव करते हैं बैठे ही बैठे बाहर का टेंपरेचर देखते हैं ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तीन रंग का यह गुब्बारा सजाने पर अंग्रेज पुलिस सभी को उठा लेती यह अपने घर वालों से पूछे कि कैसे आजादी मिली है।

जिलाधिकारी ने मतदाता सूची बनाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ नीलम कुशवाहा, अनुपम नरेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा 80 प्लस के मतदाता रामपाल रामस्वरूप विनोद कुमार तथा दिव्यांग मतदाता रितेश गुप्ता व संजय कुमार को जिलाधिकारी ने अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। वहीं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित पेंटिंग निबंध स्लोगन रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों में पुष्पांजलि आदर्श सलोनी समीक्षा बृजेश कुमार शुभम अदिति तारा वैभव सिंह अंजलि आदेश सिंह शालिनी कामिनी शुक्ला आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी, नायब तहसीलदार मंगल सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा विवेक शुक्ला, एलडीएम अनुराग शर्मा, स्वीट आइकॉन मैया दिन पटेल, स्वीट प्रभारी सुरेश प्रसाद, लालमन, फूलचंद, चंद्रवंशी, शंकर यादव, डॉक्टर रमेश सिंह, डॉक्टर प्रदीप सिंह, डॉक्टर आलोक सिंह, तीरथ कुशवाहा, रामबचन सिंह, चुनाव कार्यालय के फूलचंद्र जाटव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय कुमार पांडेय ने किया।

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता एवं उनकी पुलिस टीम ने खोये हुये मोबाइल को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 25.01.2025 को आवेदिका गीताबेन पत्नी शिंदा देसाई निवासी थलतेज अहमदाबाद गुजरात द्वारा अपने मोबाइल खो जाने के सम्बन्ध में चौकी सीतापुर में शिकायत की थी। चौकी सीतापुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर जाकर आस पास के लोगो से पूछंताछ, फोन पर काल करते मोबाइल को अथक प्रयास करते हुये मोबाइल को बरामद किया गया तथा मोबाइल पीड़ित गीताबेन उपरोक्त को सुपुर्द किया गया। मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामी को चेहरे की मुस्कान लौटी तथा पुलिस का सराहना करते हुये धन्यवाद दिया गया।

बरामदगी/सुपुर्दगी करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी सीतापुर

2.आरक्षी अनुज यादव

3.आरक्षी रवीन्द्र कुमार

(8). आज दिनाँक 25.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू श्री अजेय कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक एलआईयू श्री नागेन्द्र भूषण पाण्डेय की मार्गदर्शन में डॉग स्क्वायड व एलआईयू व चौकी सीतापुर की पुलिस फोर्स की संयुक्त टीम द्वारा महाकुंभ 2025 प्रयागराज व गणतंत्र दिवस को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु भीड़ भाड़ वाले स्थान रेलवे स्टेशन,ट्रेनों में, बस अड्डा, मॉल,ढाबा,सराय,रामघाट के आसपास का एरिया संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों आदि की सघन चेकिंग की गई।